# कार्यालय : जिला शिक्षा अधिकारी, (प्रारम्भिक शिक्षा) रूद्रप्रयाग

आदेश संख्या/प्रा०शि०/ 153 /स०अ०(वि०शि०)/2025–26दिनांक : 10 जून, 2025

## विज्ञप्ति संशोधन

इस कार्यालय के आदेश संख्या/प्रा०शि०/13/स0अ0(वि0शि0)/2023–24 दिनांक 17 अप्रैल 2023 के द्वारा सहायक अध्यापक (विशेष शिक्षा) के पदों पर नियुक्ति हेतु दैनिक समाचार पत्रो मे विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। मा० उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में योजित वाद एवं उनमें पारित अन्तरिम आदेशों के क्रम मे तत्समय उक्त भर्ती स्थगित हो गयी थी। मा०उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में योजित वाद के अन्तिम रूप से निस्तारित हो जाने व मा०न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेशों के अनुपालन करने के मददेनजर व अन्य उत्पन्न परिस्थितियों के उपरान्त शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या : 301551 दिनांक 28 मई, 2025 द्वारा पूर्व आदेश दिनांक 25–03–2023 को आंशिक रूप से संशोधित किया गया है, जिसके अनुसार ही पात्र अभ्यर्थियो की तैयार मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियो का चयन किया जायेगा। नये आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।विज्ञप्ति की शेष शर्ते यथावत् लागू होगी तथा विज्ञप्ति दिनांक 17 अप्रैल 2023 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 28–05–2025 की प्रति, पात्र व अपात्र अभ्यर्थियों की अनन्तिम सूची एवं संशोधित पदो का आरक्षणवार विवरण विभागीय वेबसाइट www.schooleducation.uk.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपलोड किये गये विवरण की भली–भाँति जाँच कर लें, यदि अंकित विवरण में कोई भिन्नता परिलक्षित होती है तो दिनाँक 17 जून 2025 तक अपना प्रत्यावेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0) रूद्रप्रयाग को दस्ती अथवा कार्यालय के ई–मेल आई0डी0 neyukti2021@ gmail.com पर उपलब्ध करायें, निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रत्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं भविष्य में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

(अजय कुमार चौधरी)
जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा०शि०),
जनपद–रूद्रप्रयाग।

## कार्यालय : जिला शिक्षा अधिकारी प्रा०शि० रूद्रप्रयाग

पृ०सं०/प्रा०शि०/2434-37 /स०अ०(वि०शि०)/2025–26दिनांकः उक्तवत्

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक,प्रारम्भिक शिक्षा,उत्तराखण्ड,ननूरखेड़ा,देहरादून।
2. मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
3. वित्त अधिकारी प्रा0शि0 रूद्रप्रयाग।
4. सम्पादक दैनिक जागरण एवं राष्ट्रीय सहारा को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में न्यूनतम शासकीय दरों पर विज्ञापित करने के साथ बिल इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा०शि०),
जनपद–रूद्रप्रयाग।

# कार्यालय :जिला शिक्षा अधिकारी, (प्रारम्भिक शिक्षा) रूद्रप्रयाग

आदेश संख्या/प्रा०शि०/ 152 /स०अ०(वि०शि०)/2025–26दिनांक : 10 जून, 2025

## विज्ञप्ति संशोधन

इस कार्यालय के आदेश संख्या/प्रा०शि०/13/स0अ0(विशि0)/2023–24 दिनांक 17 अप्रैल 2023 के द्वारा सहायक अध्यापक (विशेष शिक्षा) के पदो पर नियुक्ति हेतु विज्ञापित पदों के अन्तर्गत बिन्दु ''क'' एवं ''ग(2)''को निम्नवत् संशोधित किया जाता है।

(क) रिक्तियों की स्थिति–सहायक अध्यापक प्राथमिक (विशेष शिक्षा) के रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् हैः–

| कुलरिक्त पद (02से 06 का योग) | आरक्षित पद | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | SC | ST | OBC | EWS | UR | PH |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 09 | 02 | 0 | 01 | 00 | 06 | 00 |

(ग) पात्रता–उत्तराखण्ड राज्य के ऐसे स्थायी निवासी, जिसनेः–

(2) शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–301551/XXIV-A-1/2025–12983/2022 दिनांक 28.05.2025 के अनुसार भारतीय पुनर्वास परिषद (आर०सी०आई०) द्वारा मान्यता प्राप्त डी०एड० (विशेष शिक्षा) अथवा अथवा आर०सी०आई० द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष डिप्लोमा प्राप्त की हो, तथा आर०सी०आई०से वैध रूप से पंजीकृत एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्वान्तों के अधीन राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा–प्रथम उत्तीर्ण हो।

पूर्व विज्ञप्ति के द्वारा प्राप्त किये गये आवेदनों पर ही पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा, नये आवेदन स्वीकार्य नही होंगे।विज्ञप्ति की शेष शर्ते यथावत् लागू होगी तथा विज्ञप्ति दिनांक 17 अप्रैल 2023 को उक्त सीमा तक संशोधित समक्षा जाय।

(अजय कुमार चौधरी)
जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा०शि०),
जनपद–रूद्रप्रयाग।

कार्यालय : जिला शिक्षा अधिकारी प्रा०शि० रूद्रप्रयाग

पृ०सं०/प्रा०शि०/ 2431–33 /स०अ०(वि०शि०)/2025–26दिनांकः उक्तवत्

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक,प्रारम्भिक शिक्षा,उत्तराखण्ड,ननूरखेड़ा,देहरादून।
2. अपर निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा गढ़वाल मण्डल पौड़।
3. मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा०शि०),
जनपद–रूद्रप्रयाग।

प्रेषक,

जिला शिक्षा अधिकारी,
(प्रा0शि0) रूद्रप्रयाग।

सेवा में,

निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा,
उत्तराखण्ड ननूरखेड़ा,देहरादून।

पत्रांक /सेवायें–/2438-39 /विशेष शिक्षक/2025–26/दिनॉक 10 जून 2025

विषय– विशेष शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विशेष शिक्षकों की नियुक्ति हेतु शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 28–05–2025 की प्रति, पात्र व अपात्र अभ्यर्थियों की अनन्तिम सूची एवं संशोधित पदों का आरक्षणवार विवरण इस निवेदन के साथ महोदय की सेवा में प्रेषित है, कि उक्त सूचियों को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट कीजिएगा।

संलग्नक–यथोपरि

भवदीय

(अजय कुमार चौधरी)
जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0)
जनपद–रूद्रप्रयाग

पृष्ठॉकन सॅख्या /सेवायें–2/2438-39 /विशेष शिक्षक/2025–26/दिनॉक उक्तवत्

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0)
जनपद–रूद्रप्रयाग